### भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक में शिवप्रकाश और डॉ. यादव ने किया संबोधित

# सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आह्वान



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को ओरछा में आयोजित भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के दूसरे दिन विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। इस दौरान संगठन विस्तार, सेवा कार्यों और प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को विकसित भारत के संकल्प से जोड़कर कार्य करना है। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही नारायण सेवा है और इसी भाव के साथ संगठन को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस समाज में वर्ग संघर्ष बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। वर्ष 2027 को माता-बहनों के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए समर्पित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे पूरे किए जा चुके हैं। शेष संकल्पों को भी विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करने का लक्ष्य लेकर सरकार कार्य कर रही है। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत



खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य, केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार और दुर्गादास उइके सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक का आभार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने व्यक्त किया।

# ओरछा में भाजपा कार्यसमिति बैठक का समापन

### हेमंत खण्डेलवाल बोले- सेवा, संगठन मजबूती और विकास पर मंथन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि ओरछा में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक में संगठन को मजबूत करने, विचारधारा को विस्तार देने और प्रदेश के विकास से जुड़े विषयों पर व्यापक चिंतन-मंथन किया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में हर वर्ग और हर क्षेत्र को लेकर चर्चा हुई।



प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेस-ब्रीफिंग में बताया कि युवा, महिला, किसान, आदिवासी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ ही उद्योग, रोजगार और विकास के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीराम राजा की नगरी ओरछा से नई दिशा और नए संकल्प के साथ कार्यकर्ता आगे बढ़ेंगे। सरकार ने ओरछा के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये की योजना बनाई है।

उन्होंने बताया कि बैठक में सेवा, सुशासन और सामाजिक समरसता के साथ मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के संकल्प पर निर्णय लिए गए। राजनीतिक प्रस्ताव में बुंदेलखंड विकास, गरीब कल्याण, औद्योगिक विकास, रोजगार, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि बैठक में विकसित भारत-2047 और समरसता संकल्प अभियान पर भी विचार-विमर्श किया गया। संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर चलाए जा रहे अभियान के माध्यम से समाज में समानता और भाईचारे का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवा कार्यकाल को लेकर 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक सेवा कार्यों का अभियान चलाने की बात भी कही गई।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरकार के ढाई वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी। वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों की आय, सिंचाई, बिजली और कृषि उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, औद्योगिक विकास, पर्यटन और अधोसंरचना के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि केन-बेतवा परियोजना बुंदेलखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भाजपा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर सेवा और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## मेधावी विद्यार्थियों को आज मिलेंगे लैपटॉप के लिए 25 हजार रुपये

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश के कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 सितंबर को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के खातों में राशि का अंतरण करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के लगभग 1 लाख 22 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। प्रत्येक पात्र विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपये की राशि भेजी जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा 304 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपये से अधिक की राशि का अंतरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार की इस पहल का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराना है। लैपटॉप मिलने से विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन, डिजिटल पाठ्य सामग्री, ई-लर्निंग सहित अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर अपनी शिक्षा को और प्रभावी बना सकेंगे।

> **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे 304 करोड़ रुपये से अधिक राशि का अंतरण**

# पुलिस मुख्यालय परिवार ने छह कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई

### पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने स्मृति चिन्ह और पौधे भेंट कर किया सम्मानित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए छह कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। नवीन पुलिस मुख्यालय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समारोह में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। उन्हें विभिन्न स्वत्व भुगतान के आदेश भी प्रदान किए गए। समारोह में विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव,



अनिल कुमार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोलोमन यश कुमार मिंज सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, अशोक सिंह सेंगर, कांता ठाकुर, मधु झारिया, सहायक उप निरीक्षक युवराज बोरसे और आरक्षक मोहम्मद शकील शामिल हैं। सहायक पुलिस महानिरीक्षक अंशुमान अग्रवाल ने उनके कार्यकाल की जानकारी दी।

## छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक पर एफआईआर तत्काल निलंबित

**नप्र, भोपाल :** मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं और बालिकाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई कर रही है। उमरिया जिले के सुल्तानपुर गांव में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एक सहायक शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। महिला की शिकायत के बाद शासकीय प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने जिला शिक्षा केंद्र को जानकारी दी थी। इसके बाद गठित जांच टीम ने छात्राओं, उनके अभिभावकों और ग्रामीणों की मौजूदगी में मामले की जांच की। शिकायत में आरोप लगाया गया कि शिक्षक ने 22 अगस्त को सात वर्षीय बच्ची और उसकी दो सहेलियों के साथ छेड़छाड़ की तथा चॉकलेट देने के बहाने उन्हें गलत वीडियो दिखाए।

# नगरीय निकाय और पंचायत उपनिर्वाचन के लिए बिगुल 29 सितंबर को मतदान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष 2026 पूर्वार्ध का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उपनिर्वाचन के लिए मतदान 29 सितंबर को कराया जाएगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दिनेश श्रीवास्तव के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 8 सितंबर से शुरू होगी। नामांकन 15 सितंबर तक जमा किए जा सकेंगे, जबकि 16 सितंबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितंबर निर्धारित की गई है और इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।

नगरीय निकायों में मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा तथा मतगणना और परिणामों की घोषणा 3 अक्टूबर को होगी। पंचायतों में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक कराया जाएगा।

उपनिर्वाचन में आगर-मालवा की नगर परिषद सुसनेर, टीकमगढ़ नगरपालिका परिषद और धार की नगर परिषद कुक्षी के अध्यक्ष पद सहित 26 पार्षद पदों पर चुनाव होगा। पंचायत स्तर पर जिला पंचायत सदस्य के 7, जनपद पंचायत सदस्य के 28, सरपंच के 110 और पंच के 4090 पदों के लिए उपनिर्वाचन कराया जाएगा।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com